# ३. एक आशीर्वाद

**(क). नीचे दिए गए प्रश्नों के चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।**

1. कविता 'एक आशीर्वाद' में कवि ने किसे संबोधित किया है?
   i. बच्चों को
   ii. नागरिकों को
   iii. बुज़ुर्गों को
   iv. श्रमिकों को
2. 'तेरे स्वप्न बड़े हों' पंक्ति में 'स्वप्न' का क्या अर्थ है?
   i. केवल सोते समय देखे गए दृश्य
   ii. लक्ष्य और आकांक्षाएँ
   iii. कल्पनाएँ
   iv. कहानियाँ
3. "जल्द पृथ्वी पर चलना सीखें" का अर्थ क्या है?
   i. उड़ना सीखना
   ii. पानी में चलना
   iii. यथार्थ को अपनाना
   iv. धीरे-धीरे चलना
4. कविता में 'चाँद-तारों-सी सच्चाइयाँ' किसका प्रतीक हैं?
   i. रोशनी
   ii. कल्पनाएँ
   iii. सुंदरता
   iv. अज्ञात और ऊँचे लक्ष्य
5. कविता में कौन-सा भाव नहीं है?
   i. निराशा
   ii. साहस
   iii. प्रेरणा
   iv. आत्मनिर्भरता
6. 'हँसें, मुस्कुराएँ, गाएँ' - इन पंक्तियों से क्या झलकता है?
   i. उदासी
   ii. डर
   iii. जीवन से प्रेम
   iv. क्रोध
7. 'हर दीये की रोशनी देखकर ललचाएँ' का तात्पर्य है -
   i. दीपक को बुझा देना
   ii. रोशनी की चाह रखना
   iii. दीया फेंक देना
   iv. जलने की इच्छा रखना
8. कविता के अनुसार, 'अपने पाँवों पर खड़े हो' का क्या तात्पर्य है?
   i. खड़े रहना
   ii. दौड़ना
   iii. आत्मनिर्भर बनना
   iv. किसी का सहारा लेना
9. कविता में 'दीया' किसका प्रतीक है?
   i. अंधकार
   ii. डर
   iii. दुःख
   iv. प्रकाश और प्रेरणा
10. कवि दुष्यंत कुमार किस भाषा के प्रमुख रचनाकार थे?
   i. हिंदी
   ii. बांग्ला
   iii. उर्दू
   iv. अंग्रेज़ी

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. कवि चाहता है कि बच्चे के ________ बड़े हों।
2. उँगली जलाना' कविता में एक ________ का प्रतीक है।
3. कविता के अनुसार, ________ पर चलना सीखना चाहिए।
4. दुष्यंत कुमार का जन्म ________ (राज्य) में हुआ था।
5. कविता में चाँद-तारों से ________ सच्चाइयाँ बताई गई हैं।

**(ग) सही कथनों के सामने 'सही' और गलत के सामने 'गलत' लिखिए:**

1. कविता में केवल कल्पना की उड़ान भरने की बात की गई है। ☐
2. 'हर दीये की रोशनी देखकर ललचाएँ' का मतलब है – सीखने की ललक होना। ☐
3. 'स्वप्न' को कविता में निर्जीव वस्तु की तरह प्रस्तुत किया गया है। ☐
4. 'एक आशीर्वाद' कविता में प्रेरणा और स्नेह झलकता है। ☐
5. कवि चाहता है कि बच्चा दूसरों पर निर्भर रहे। ☐

**(घ) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 2-3 वाक्यों में दीजिए।**

1. 'एक आशीर्वाद' कविता किस कवि द्वारा लिखी गई है?
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

2. "भावना की गोद से उतरकर" का क्या तात्पर्य है?
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

3. 'रुनना-मचलना सीखें' का क्या अभिप्राय है?
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

4. कविता किस रूप में लिखी गई है?
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

5. कवि किस प्रकार के जीवन की कामना करता है?
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

6. कविता का शीर्षक 'एक आशीर्वाद' क्यों उचित है?
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

**(ङ) नीचे दिए गए प्रश्नों के 4-5 वाक्यों में दीजिए।**

1. "एक आशीर्वाद – जा, तेरे स्वप्न बड़े हों" कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है? विस्तार से समझाइए।
   उत्तर: ______________________________________________
   ______________________________________________

_______________________________________________

2. इस कविता में कवि ने यथार्थ और कल्पना को कैसे जोड़ा है? उदाहरण सहित समझाइए।
   उत्तर: _______________________________________________
   _______________________________________________
   _______________________________________________
   _______________________________________________

**(च) व्याकरण और भाषा अभ्यास**

**1. नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i. पृथ्वी | - | __________ | iv. रोशनी | - | __________ |
| ii. चाँद | - | __________ | v. स्वप्न | - | __________ |
| iii. दिया | - | __________ | vi. तारे | - | __________ |

**2. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| i. उजाला | X | __________ | iv. सफलता | X | __________ |
| ii. अप्राप्य | X | __________ | v. सच | X | __________ |
| iii. बड़ा | X | __________ | vi. जलाना | X | __________ |

**3. नीचे दिए गए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।**

i. स्वप्न - ______________________________
ii. मुस्कुराना - ______________________________
iii. लक्ष्य - ______________________________
iv. रौशनी - ______________________________
v. लालच - ______________________________

Free worksheets, NCERT Solutions, Learning material & more at www.onepointlearning.com

# Answer

(क) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर:

1. i. बच्चों को
2. ii. लक्ष्य और आकांक्षाएँ
3. iii. यथार्थ को अपनाना
4. iv. अज्ञात और ऊँचे लक्ष्य
5. i. निराशा
6. iii. जीवन से प्रेम
7. ii. रोशनी की चाह रखना
8. iii. आत्मनिर्भर बनना
9. iv. प्रकाश और प्रेरणा
10. i. हिंदी

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति:

1. स्वप्न 2. संघर्ष 3. पृथ्वी 4. उत्तर प्रदेश 5. अप्राप्य

(ग) सही-गलत:

1. गलत 2. सही 3. गलत 4. सही 5. गलत

(घ) लघु उत्तरीय प्रश्न:

1. ‘एक आशीर्वाद’ कविता प्रसिद्ध हिंदी कवि दुष्यंत कुमार द्वारा लिखी गई है।
2. "भावना की गोद से उतरकर" का अर्थ है – केवल भावनाओं में बहने की बजाय, वास्तविकता से जुड़ना और जीवन की सच्चाइयाँ स्वीकार करना।
3. ‘रूठना-मचलना सीखें’ का अभिप्राय है – जीवन में बड़ी चीजों को पाने की जिद करना और उनके लिए लड़ना सीखना।
4. यह कविता आशीर्वाद के रूप में लिखी गई एक मुक्त शैली की प्रेरणात्मक कविता है।
5. कवि एक ऐसे जीवन की कामना करता है जिसमें बड़े सपने हों, आत्मनिर्भरता हो और संघर्ष का साहस हो।
6. क्योंकि यह कविता प्रेरणात्मक आशीर्वाद के रूप में लिखी गई है

(ङ) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न:

1. इस कविता में कवि दुष्यंत कुमार ने बच्चों और युवाओं को बड़े स्वप्न देखने और उन्हें साकार करने का आशीर्वाद दिया है। वह चाहते हैं कि हम कल्पनाओं से निकलकर वास्तविकता को अपनाएँ, चुनौतियों से लड़ें और आत्मनिर्भर बनें। यह कविता हर किसी को प्रेरित करती है कि वह अपने जीवन को एक उद्देश्य दे।
2. इस कविता में कवि ने कल्पना और यथार्थ को सुंदरता से जोड़ा है।
   उदाहरण के लिए – “चाँद-तारों-सी अप्राप्य सच्चाइयों के लिए रूठना-मचलना” जैसी पंक्तियाँ
   हमें उच्च लक्ष्यों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती हैं।
   इसी तरह “हर दीये की रोशनी देखकर ललचाएँ” यथार्थ की ओर आकर्षण दर्शाता है।

(च) व्याकरण और भाषा अभ्यास:

1. समानार्थी शब्द:

i. धरा ii. शशि iii. दीपक iv. प्रकाश v. सपना vi. तारक

2. विलोम शब्द:

i. अंधेरा ii. प्राप्य iii. छोटा iv. असफलता v. झूठ vi. बुझाना

3. वाक्य प्रकार:

i. मेरा स्वप्न वैज्ञानिक बनना है।
ii. मेरी छोटी-छोटी बातों पर माँ मुस्कुराया करती है।
iii. लक्ष्य तय करना जरूरी है।

iv. रौशनी फैल गई।
v. लालच बुरी चीज है।